यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षा के पहले दिन तीन नकलची पकड़े

■ कुलपति ने किया परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल (यूटीयू) की सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हो गई। परीक्षाओं के पहले दिन उड़न दस्ता टीम ने रुड़की क्षेत्र में तीन नकलची दबोचे। कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने स्वयं परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। सोमवार को सेमेस्टर परीक्षाओं के पहले दिन रुड़की क्षेत्र में उड़न दस्ता टीम ने आरसीपी कालेज में फार्मेसी के एक छात्र को सुबह की पाली में नकल करते हुए पकड़ा। दूसरी पाली में भी उड़न दस्ता टीम ने रुड़की क्षेत्र में ही आरआईटी इंस्टीट्यूट में बीटेक कंप्यूटर साइंस की एक छात्रा और टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज नई टिहरी में एक छात्र को नकल करते हुए पकड़ा। विवि के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने स्वयं देहरादून क्षेत्र में राजपुर रोड स्थित जीआरडी इंस्टीट्यूट, आईसीएम कालेज राजपुर रोड और ज्ञानी इंदर सिंह फार्मेसी कालेज का औचक निरीक्षण किया।

जीआरडी इंस्टीट्यूट में परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते कुलपति।